an>

Title : Regarding development of world-class infrastructure in Kurukshetra, the Land of Geeta Gyan.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): सर, थैंक्यू ।

माननीय सभापति: आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं । आप अपनी बात एक मिनट में पूरी कीजिए ।

... (व्यवधान)

श्री रतन लाल कटारिया: सर, थैंक्यू । मैं आपका ध्यान गीता जयंती के अवसर पर गीता ज्ञान की भूमि कुरूक्षेत्र पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 19 नवंबर से 6 दिसंबर, 2022 तक है, उस ओर दिलाना चाहता हूं । भारत की महामहिम राष्ट्रपति महोदया भी 29 नवंबर को गीता महोत्सव में गई थीं और हमारे आदरणीय स्पीकर साहब भी 19 नवंबर को कुरूक्षेत्र में गीता जयंती के अंदर शामिल हुए थे ।

महोदय, अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव अब न केवल भारत में बल्कि कनाडा, इंग्लैंड, मॉरीशस में भी मनाया गया और अब मार्च में आस्ट्रेलिया में मनाए जाने की तैयारी चल रही है । जिस प्रकार से लोग गीता ज्ञान की ओर आकर्षित हो रहे हैं तो मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि सारे विश्व के सैलानियों को गीता स्थली कुरूक्षेत्र की ओर आकर्षित करने के लिए कुरूक्षेत्र व कुरूक्षेत्र के 48 कोस के क्षेत्र में आवागमन का विश्व स्तरीय ढांचा खड़ा किया जाए, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व हवाई अड्डा शामिल है । हरियाणा सरकार ने भी ... (व्यवधान)

माननीय सभापति: अब आपकी बात पूरी हो गई है ।